1	2		3	4
78	Malta	1985	15+	43800
79	Poland	1978	15+	334586
80	Portugal	1981	15+	1506206
81	San Marino	1976	10+	640
82	Spain	1981	15+	1971695
83	Yugoslavia	1981	15+	1764042
	Oceania			
84	Fiji	1976	15+	65957
85	Guam	1980	15+	2470
86	New Caledonia	1976	15+	7133
87	Papua New Guinea	1971	10+	1106880
88	Tonga	1976	15+	193
89	Samoa	1971	15+	1581
90	Vanuatu U.S.S.R.	1979	15+	28647
91	U.S.S.R.	1970	9—49	439000

"आपरेशन ब्लैक बोर्ड"

2601. **श्री रणजीत सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में सुधार और उसका विस्तार करने के लिए पिछले दशक में 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड" योजना आरंभ की थी और यदि हां, तो सरकार ने इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर कितनी धन राशि व्यय की है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस कार्यक्रम से प्राप्त परिणाम निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं थे और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार विगत की कमियों को ध्यान में रखते हुए, इस कार्यक्रम को नई दिशा देने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत प्राइमरी स्कूलों में भौतिक सुविधाओं के सुधार के लिए अब तक कुल 618.33 करोड़ रुपये की निधियां जारी की गई हैं ।

(ख) आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना तीन वर्ष में पूरी होने की आशा थी। तथापि, संसाधनों की कमी के कारण, योजना के चरणों को बढ़ा दिया गया है।

(ग) जी, हां ।